हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 17 नवंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12. 0 डिग्री

पूरी जिम्मेदारी से करें धान खरीदी का कार्य : तोपनो
4



## खबर संक्षेप

### कोसला में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**पामगढ़-कोसला।** कोसला धाम पामगढ़ में सोमवार 17 नवंबर को स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर मानवता की सेवा का एक महत्वपूर्ण अवसर है। शिविर सोमवार 17 नवंबर को सुबह 9 से बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी, समाज के युवा, वरिष्ठ, माताएं, बहनें, रक्तदाता से रक्तदान करने आह्वान किया गया है।

### कलेक्टर ने ईव्हीएम - व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चाम्पा।** जिले के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे द्वारा जिले के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले के वेयरहाउस में कुल 1646 नग बैलेट यूनिट, 864 नग कन्ट्रोल यूनिट एवं 1375 नग व्हीव्हीपीएटी मशीन सुरक्षित रखी गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आयोग द्वारा निर्धारित मॉपदण्ड अनुरूप ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनो के रख-रखाव करने हेतु संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, श्री हितेश यादव, दिगम्बर पटेल, जगमोहन पाटले एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन 23 को

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस लाइन जांजगीर में निःशुल्क स्वास्थ्य मेगा कैम्प का आयोजन 23 नवंबर को किया जा रहा हैं । इस कैम्प में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण और विभिन्न तरह की बीमारियों की जांच की जाएगी। यह आयोजन स्वर्गीय गौरीशंकर कश्यप (विधायक व्यास कश्यप के भ्राता) की स्मृति में संजीवनी हार्ट केयर एवं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जांजगीर के द्वारा किया जा रहा हैं। यह शिविर 23 नवंबर को स्थानीय पुलिस ग्राउंड, जांजगीर में सुबह 9 बजें से अपराह्न 2 बजें तक आयोजित होगा। इस स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर लोकेंद्र कश्यप, डॉक्टर प्रियंका देशमुख, डॉ प्रफुल्ल चौहान,डॉ वसुंधरा कश्यप,डॉ अतीक सिद्धिकी, डॉ गुफलासा सिद्धिकी, डॉ पारुल राठौर,डॉ पुष्पेंद्र पटेल, डॉक्टर निकिता सिंह और डॉक्टर ऋतुराज सिंह अपनी सेवाएं देंगे। पवन अग्रवाल तथा शशिभूषण सोनी ने बताया कि यह आयोजन जिला पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा हैं । इस कैम्प में पुलिस और उनके परिवार वालों को ही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेगा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में बाल मेला आज

**राहौद।** नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहौद में बाल मेला 2025 का आयोजन 17 नवंबर सोमवार को दोपहर 12 बजे से विद्यालय प्रांगण में होगा। बाल मेला आयोजन को लेकर विद्यालय प्रबंधन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली है। हर साल की भांति इस वर्ष भी बाल मेले में आकाश झूला,जंप झूला,मिकी माउस जैसे अन्य मनोरंजन के साधन लगाए गये है। वहीं विद्यालय के बच्चों द्वारा बाल मेला में विविध प्रकार के खाने-पीने के व्यंजनों का स्टाल लगाए जाएंगे। विद्यालय के प्राचार्य सुरेश कुमार साहू ने बाल मेला में विद्यार्थियों के माता - पिता, परिवारजनों व नगरवासियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

---

विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत चल रहा 2003 एवं 2025 की सूची का मिलान

# मापदंडो में खरा नहीं उतरने पर ढ़ाई लाख मतदाता हो सकते हैं मताधिकार से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण एवं शुद्धीकरण के तहत इन दिनों बीएलओ लोगों के घरो तक पहुंचकर फार्म उपलब्ध करा रहे है। वहीं 2003 एवं 2025 के बीच की सूची का मिलान किया जा रहा है। इस तरह के करीब 2 लाख 58 हजार 327 मतदाता है जिनके सूची का मिलान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में मापदंडो के तहत खरा नहीं उतरने के साथ दस्तावेज नहीं दे पाने की स्थिति में ये मतदाता आने वाले समय में मताधिकार से वंचित रह सकते है।

गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुसार मंगलवार 4 नवम्बर से मतदाता विशेष गहन एवं पुनरीक्षण एवं शुद्धीकरण कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके लिए बडे पैमाने पर बीएलओ की ड्युटी भी लगाई गई है, जो लोगों के घरो तक पहुंचकर एसआईआर के बारे में जानकारी देने के साथ मतदाताओं को फार्म देकर उसे भरने के लिए कहा जा रहा है।एक बीएलओ घर बंद होने की स्थिति में एक व्यक्ति के यहां कम से कम तीन बार जाएगा। जानकारी के अनुसार 2003 से 2025 के बीच मतदाता सूची का मिलान करना जरूरी है ताकि मतदाताओ की सही जानकारी के साथ अपात्र मतदाता सूची से बाहर हो जाए। वर्ष 2003 में जहां जांजगीर चाम्पा में 7 लाख 92 हजार 717 मतदाता थे, जो 2025 में बढ़कर 8 लाख 38 हजार 676 हो गए है। इनमें से करीब 5 लाख 80 हजार 349 मतदाताओं का सत्यापन हो चुका है। वहीं अभी 2 लाख 58 हजार 327 मतदाताओं का सत्यापन नहीं हो पाया है। साथ ही इनके दस्तावेज भी 2003 से 2025 के बीच मिलान तक नहीं हो पा रहे है। ऐसे में करीब ढ़ाई लाख से अधिक मतदाता यदि समय रहते सही जानकारी एवं दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते है तो मतदाता सूची से नाम बाहर हो सकते है। इसके अलावा निवार्चन आयोग के द्वारा ऐसे लोग जिनका जन्म वर्ष 1987 से पहले हो चुका है। इनकी जानकारी भी मंगाई जा रही है। दुसरी ओर भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा ऐसी महिलाएं जिनका विवाह वर्ष 2003 के बाद हुआ है उनके मायके से उनके माता-पिता का नाम के साथ-साथ उनके मतदाता सूची के ईपिक नंबर भी मंगाए जा रहे है। सबसे ज्यादा परेशानी तो 2003 के बाद हुए विवाह करने वाली महिलाओं की है। इनमें से कई विवाहित महिलाओं के माता-पिता भी जीवित तक नही है। ऐसे में उनके सामने मायके से माता पिता की जानकारी एवं उनके ईपिक कार्ड की जानकारी देना भी एक तरह की चुनौती बन गई है।



फार्म देकर जानकारी जुटाती बीएलओ।

### बीएलओ कार्य में लगे शिक्षक

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रो में इन दिनो मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की ड्युटी भी इस कार्य में बड़े पैमाने पर लगी है, जिसके चलते स्कूली बच्चों की पढाई प्रभावित हो रही है। इधर युक्तीयुक्तकरण के चलते भी सरकारी स्कूलो में शिक्षक भी अब कम रह गए है। ऐसे में जो शिक्षक बच्चो को पढा रहे है। उन्हें भी निर्वाचन अनिवार्य सेवा होने के कारण शिक्षको की डूयूटी लगा दी गई है। जिसके कारण बच्चो की पढाई लिखाई कार्य प्रभावित हो रहा है। वही मतदाता पुनरीक्षण कार्य अभी और चलेगा । इसके अलावा इन दिनो ग्रामिण क्षेत्रो में धान कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है जिसके कारण भी ज्यादातर किसानो का समय इन दिनो खेतो में बीत जा रहा है। जिसके कारण उनका मतदाता सूची मिलान के साथ साथ सत्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है।

### चल रहा कार्य

इन दिनों मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत 2003 एवं 2025 के बीच मतदाता सूची मिलान कार्य चल रहा है। निर्वाचन आयोग के द्वारा जो जानकारी मांगी जा रही है, उसे मतदाताओ को देना होगा।

-ज्ञानेन्द्र ठाकुर,
अपर कलेक्टर
जांजगीर चाम्पा

---

# शराब पीने के दौरान विवाद पर युवक की हत्या, छह आरोपी गिरफ्तार

## चंद घंटे में पुलिस ने घेराबंदी कर अलग-अलग स्थान से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शराब पीने के दौरान हुए विवाद पर 6 युवकों ने मिलकर अपने ही एक साथी की हत्या कर दी। पुलिस ने घटना के कुछ घंटे के भीतर ही अलग अलग स्थानों से घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। मामला घोघरा नाला बस्ती चाम्पा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 15 नवंबर की रात करीब 8 बजे घोघरा नाला के पास सागर कर्ष और रोहित महंत के बीच शराब पीने की बात पर विवाद हो गया। इस दौरान रोहित महंत द्वारा सागर कर्ष को गाली गलौज की जा रही थी। सागर कर्ष ने रोहित महंत को 3-4 झापड़ मारा गया जिसके बाद रोहित वहां से भाग गया। झगड़े के बाद सागर कर्ष अपने अन्य दोस्त नागेश्वर नायडू, अश्वनी कुमार सतनामी, विजय श्रीवास, विनय कुर्रे, आकाश उर्फ अज्जू साहू के साथ घोघरा नाला नदी किनारे मुक्तिधाम के पास बैठा था। रात करीब 9:30 बजे रोहित महंत फिर से वहां पहुंचा और सागर कर्ष के साथ गाली गलौज करने लगा। दोनों के बीच में फिर से झगड़ा होने लगा। सागर कर्ष एवं उसके साथियों के द्वारा रोहित महंत के साथ जमकर मारपीट की गई। नागेश्वर नायडू, अश्वनी कुमार सतनामी, विजय श्रीवास, विनय कुर्रे और आकाश उर्फ़ अज्जू साहू ने रोहित महंत के हाथ पैर को पकड़ा और सागर कर्ष ने डंडे से रोहित महंत के सिर पर प्राण घातक हमला किया जिससे वह अचेतन अवस्था में नीचे गिर गया। सागर कर्ष ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद मौके से सभी भाग निकले।

मामले की रिपोर्ट पर थाना चापा में तत्काल हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चापा पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थान से सभी आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर प्रारंभिक तौर पर गुमराह करते रहे लेकिन बारीकी से पूछताछ करने पर आरोपियों ने रोहित महंत के साथ डंडा से मारपीट करना और गला दबाकर हत्या करने का अपराध स्वीकार किया। आरोपी सागर कर्ष के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त किया गया। पुलिस ने घोघरा नाला चाम्पा निवासी 27 वर्षीय सागर कर्ष पिता छतराम कर्ष, 23 वर्षीय नागेश्वर नायडू पिता राजू नायडू, 24 वर्षीय अश्वनी कुमार सतनामी पिता लक्ष्मी प्रसाद सतनामी, 25 वर्षीय विजय श्रीवास पिता नर्मदा श्रीवास, 29 वर्षीय विनय कुर्रे पिता ललित कुर्रे, 25 वर्षीय आकाश उर्फ अज्जू साहू पिता गोपाल साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता, उप निरीक्षक उपेंद्र मिश्रा, दादूरैया ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक अरुण सिंह, आरक्षक वीरेश सिंह, मुद्रिका दुबे, जय उराव, शंकर राजपूत, आकाश कलोसिया, भूपेंद्र गोस्वामी का योगदान रहा।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

---



दुकान का गल्ला जिससे की गई नगदी की चोरी।

# डेली नीड्स शॉप में चोरों का धावा नगदी और सामान किया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के मुख्य मार्ग में स्थित साईं डेली नीड्स में चोरों ने धावा बोलकर नगदी सहित 50 हजार रुपए का माल पार कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात नगर के मुख्य मार्ग में आकाश टॉकीज के सामने स्थित साईं डेली नीड्स में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर 40 हजार रुपए नगद एवं 10 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। दुकान के मालिक संतोष चंदवानी ने बताया रोज की तरह 11:30 बजे रात में दुकान को बंद किया और घर चले गये। रविवार की सुबह जब पिता रमेश चंदवानी 4 बजे रोज के भांति दुकान खोलने आए तो उन्होंने देखा कि पीछे से दरवाजे का प्लाई कटा हुआ है। उन्होंने फोन कर इसकी सूचना दी। संतोष चंदवानी द्वारा दुकान पहुंचकर निरीक्षण करने पर गले में रखा 40 हजार रुपए नगद एवं 10 हजार रुपए का सामान गायब मिला। घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। दुकान मालिक ने बताया कि सुबह-सुबह व्यापारी को रकम देना था इसलिए पहली बार इतनी बड़ी रकम गल्ले पर छोड़कर गया था। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की मदद से चोर को जल्द से जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया है।

**खास बात**
- पीछे का दरवाजा तोड़कर दिया वारदात को अंजाम

### 16 फरार वारंटियों को पुलिस ने अलग-अलग जगहों से पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए, फरार वारंटियों, निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा बीते रात्रि चलाया गया। पुलिस टीमों द्वार चिन्हित स्थानों पर रात्रिकालीन गस्त एवं दबिश दी गई, जिसमें अलग अलग जगहों से 16 फरार वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस द्वारा बीते रात्रि अभियान के तहत थाना चौकी क्षेत्रांतर्गत जिले के 132 निगरानी एवं गुंडा बदमाशो के ठिकानों पर जाकर चेकिंग की गई। थाना जांजगीर 5 गिरफ्तारी वारंट, थाना बलौदा 1 स्थाई वारंट, थाना अकलतरा 8 स्थाई वारंट, थाना पामगढ़ 2 गिरफ्तारी वारंट कुल मिलाकर जिले भर से 16 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

---

# धान खरीदी के लिए भेजे गए बारदाने में लगी आग, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- पामगढ क्षेत्र के लगरा सेवा सहकारी समिति का मामला

जिले में सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल का असर धान खरीदी के शुरुआती दौर में ही दिखने लगा है। हालांकि प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था कर अन्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी केंद्रों में लगाई है, लेकिन वे व्यवस्था बनाने में नाकाम नजर आ रहे हैं। पामगढ़ क्षेत्र के लगरा सहकारी समिति में धान खरीदी के लिए भेजे गए बारदाने में रविवार की दोपहर आग लग गई। आगजनी से लाखों का बारदाना जलकर खाक हो गया।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत 15 नवंबर से हो गई है। सहकारी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल के चलते जिला प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था कर अन्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी केंद्रों में लगाई है, लेकिन शुरूआती दौर में ही व्यवस्था चरमराने लगी है। पामगढ क्षेत्र के लगरा उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के लिए भेजे गए बारदानो में 16 नवंबर को आग लग गई। बारदाने शनिवार को ही भेजे गए थे, जिसे केंद्र में चबूतरे के ऊपर रखा गया था। केंद्र में नए 30 गठान बरदाने भेजे गए थे। इनमें से 20 गठान बरदाने जलकर खाक हो गए हैं। वहीं किसी तरह 10 गठान बरदाने को आसपास के ग्रामीणों की मदद से बचा लिया गया है। आगजनी से लाखों का नुकसान हुआ है। आगजनी के कारण का पता अभी नहीं चल सका है। घटना के बाद पुलिस व अधिकारियो की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।



जला हुआ बारदाना और जांच में पहुंची पुलिस व अधिकारियों की टीम।

### शासन- प्रशासन की लापरवाही : व्यास

जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप ने आग लगने को लेकर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के पास धान खरीदी की कोई तैयारी नहीं है। धान खरीदी के लिए बिना सुरक्षा के खाली केंद्रो में खुले में बारदाने को नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि अभी कर्मचारी हड़ताल पर है। विधायक ने इसे शासन की लापरवाही बताते हुए कहा कि आगे कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए प्रशासन को पुख्ता इंतजाम करना चाहिए।

---

# सहकारी समिति कर्मचारी संघ की हड़ताल समाप्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में सहकारी समिति कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त हो गई है। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय के समक्ष उपस्थित होकर लिखित में हड़ताल समाप्त करने का निर्णय सौंपा। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि किसानों के हित और प्रशासनिक पहल पर और किसानों के हित को देखते हुए हड़ताल स्वेच्छा से वापस ली गई है। संघ की ओर से दी गई लिखित सूचना के अनुसार, सभी कर्मचारी सोमवार से अपने-अपने खरीदी केंद्रों में नियमित रूप से कार्यभार संभालेंगे। इससे जिले में धान खरीदी की सभी गतिविधियाँ फिर से सुचारू रूप से संचालित होंगी। हड़ताल के दौरान भी प्रशासन ने समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की थी। ग्राम पंचायत सचिव, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा नव-प्रशिक्षित ऑपरेटर इन सभी को खरीदी केंद्रों पर तैनात कर खरीदी प्रक्रिया को निरंतर जारी रखा गया। समिति प्रबंधक संघ ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष हड़ताल समाप्ति की घोषणा की।

---



सांसद की गाड़ी के पिछले हिस्से से हुई भाजपा जिलाध्यक्ष के कार की टक्कर।

# सांसद और भाजपा जिला अध्यक्ष की गाड़ी में भिड़ंत, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हसौद के गायत्री महायज्ञ में शामिल होने जा रहे वित्त मंत्री के काफिले में शामिल सांसद और भाजपा जिला अध्यक्ष के गाड़ी की आपस में भिड़ंत हो गई। हालांकि सांसद और जिला अध्यक्ष अपनी गाड़ी में सवार नहीं थे। कार सवार किसी व्यक्ति को कोई गंभीर चोट नहीं आई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सक्ती जिले के हसौद में आयोजित गायत्री महायज्ञ में शामिल होने रविवार 16 नवंबर की दोपहर वित्त मंत्री ओ पी चौधरी का काफिला निकला। काफिले में जांजगीर चाम्पा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े समेत भाजपा के अन्य नेताओं की गाड़ी भी थी। दोपहर करीब 3 बजे ग्राम धमनी के पास सड़क में एक बड़ा गड्ढा आने पर सांसद की गाड़ी के ड्राइवर ने ब्रेक लगाई तो गाड़ी बंद हो गई। सांसद की गाड़ी के ठीक पीछे सक्ती भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल की कार थी। सांसद की गाड़ी रुकते ही भाजपा जिलाध्यक्ष की कार जा टकराई। वहीं जिलाध्यक्ष की कार से पीछे चल रही एक और कार जा भिड़ी। हालांकि सांसद कमलेश जांगड़े वित्त मंत्री ओ पी चौधरी की गाड़ी में सवार थी। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष भी घटना के समय अपनी कार में सवार नहीं थे। दोनों गाड़ी में बैठे लोग बाल बाल बचा गए और बड़ा हादसा टल गया।

---

सरदार पटेल जयंती समारोह का पूर्व मुख्यमंत्री ने उद्घाटन तो वित्त मंत्री ने किया समापन

# राष्ट्र निर्माण में लौह पुरुष के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सर्वकुर्मी समाज द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर जिला मुख्यालय में रविवार को ख़ास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जांजगीर के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम मे कांग्रेस और भाजपा के कई बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान सभी ने राष्ट्र निर्माण में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद किया।

दो सत्र मे हुए कार्यक्रम के प्रथम सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरदार पटेल की भारत की आजादी और सामाजिक कार्यो का उल्लेख करते हुए भाजपा पर अनर्गल अफवाह फैलाने का आरोप लगाया। साथ ही राज्य सरकार पर किसानों के साथ छलावा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भ्रम फैलाकर सामाज कर दिग्भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने समाज के लोगो को देश और प्रदेश मे जाति वाद और धर्म के नाम पर भड़काने वालों से बच कर रहने की नसीहत दी। वही समापन सत्र में जिले के प्रभारी मंत्री और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने सरदार पटेल की जीवन पर प्रकाश ड़ालते हुए कुर्मी समाज के लोगो से सरदार पटेल के कार्यो कर आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 वर्ष शासन करने के बाद भी सरदार पटेल को भुला दिया। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरदार पटेल की आदम कद प्रतिमा बना कर उनकी कीर्ति को देख के कोने कोने मे पहुंचाया। मंत्री चौधरी ने इस दौरान सामाजिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए प्रभारी मंत्री मद से और 3 लाख रूपये स्वयं द्वारा देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान समाज के बेहतर काम करने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक, जांजगीर चाम्पा विधायक व्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल समेत भाजपा और कांग्रेस नेताओं के आलावा बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।



कार्यक्रम में पहुंचे भूपेश बघेल का स्वागत करते समाज के सदस्य



सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करते ओपी चौधरी।

## खबर संक्षेप

### अवैध कबाड़ कारोबार पर रोक लगाने की मांग, पुलिस अधीक्षक को सौंपा आवेदन

**कोरबा।** जिले में अवैध कबाड़ कारोबार पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर गुलाम मोहम्मद ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत की है। पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिले में प्रशासनिक प्रतिबंध और पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कई क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध कबाड़ का कारोबार किया जा रहा है। आवेदक ने बताया कि पावर हाउस रोड निवासी होने के नाते उन्हें जानकारी मिली है कि जिले में कबाड़ का अवैध व्यापार प्रतिबंधित है फिर भी मानिकपुर, ईतवारी बाजार, दर्री, रजगामार, राताखार, खरमोरा सहित कई स्थानों पर यह कारोबार खुलेआम संचालित किया जा रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि राताखार क्षेत्र में अवैध रूप से एक यार्ड तक बना दिया गया है, जिससे संचालकों में पुलिस कार्रवाई का कोई भय नहीं दिखता। गुलाम मोहम्मद ने जिले में संचालित चौकी व थाना क्षेत्रों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कोई प्रभावी प्रयास नहीं किए जा रहे हैं, जिसके चलते इस तरह का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अवैध व्यापार से शासन को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोग सक्रिय होकर चोरी जैसे अपराधों को बढ़ावा दे रहे हैं।

### राताखार बाईपास मार्ग पर बनेगा मटन मार्केट

**कोरबा।** कोरबा जोन में अनियंत्रित रूप से लगने वाली मांस मछली की दुकानों को व्यवस्थित करने तथा सड़क पर मांस मछली की दुकानों से आमजन को होने वाली असुविधा को दूर करने के मद्देनजर निगम द्वारा राताखार बाईपास मार्ग पर मटन मार्केट का निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित स्थल का कलेक्टर अजीत वसंत ने निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर स्थित गड्ढे को राखड़ फिलिंग के माध्यम से पाटने के निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न विद्युत संयंत्रों से इसके लिए चर्चा कर गड्ढें को समतल स्वरूप दें एवं मटन मार्केट निर्माण के संबंध में कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### डॉग शेल्टर हाउस का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** प्रगतिनगर दर्री में डॉग शेल्टर हाउस स्थापित किया जाना हैं, जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में वहॉ पर स्थित पुराने भवन का रेनोवेशन कर स्ट्रीट डॉग के बधियाकरण, टीकाकरण आदि की व्यवस्था होगी। परिसर को बाउण्ड्रीवाल के माध्यम से सुरक्षित किया जाएगा। इसके साथ ही दूसरे चरण में शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप डॉग हाउस का निर्माण एवं वहॉं पर भोजन पानी की व्यवस्था की जाएगी। उक्त डॉग शेल्टर में स्ट्रीट डॉग विशेषकर ऐसे डॉग जो ज्यादा एग्रेशिव होते हैं तथा आमनागरिकों के लिए खतरा बन सकते हैं, उन्हें वहॉं सुरक्षित रखा जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने स्थल का निरीक्षण किया, डॉग शेल्टर हाउस में की जाने वाली विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की, अधिकारियों का मार्गदर्शन किया तथा एक पशुचिकित्सक को उक्त शेल्टर में अटैच किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

### चुनेश ने यूनिवर्सिटी के टॉप 3 में बनाई जगह

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी



विश्वविद्यालयर द्वारा घोषित एलएलबी परीक्षा परिणाम में जिले के होनहार विद्यार्थी चुनेश महंत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3 हजार में से 2128 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में तृतीय स्थान तथा जेबी पीएस लॉ कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर जिले एवं महाविद्यालय का नाम रौशन किया है। चुनेश सांसद प्रतिनिधि पोषक दास महंत के पुत्र हैं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में समाज और न्याय व्यवस्था के क्षेत्र में सार्थक योगदान देने के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे।

### जिले में संचालित है 16 पीएमश्री स्कूल, जिन्हें मॉडल बनाने का मिला है निर्देश

# पीएमश्री स्कूलों में सुविधाओं की दरकार फिर भी मॉडल स्कूल बनाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संचालित 16 पीएमश्री स्कूल को मॉडल बनाने की तैयारी भले ही चल रही है किंतु इन स्कूलों में सामान्य संसाधनों जैसी सुविधाएं भी मुहैय्या नहीं है इतना ही नहीं अभी भी इन स्कूलों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भी दरकार बनी हुई है। ऐसी स्थिति में पीएमश्री स्कूलों को मॉडल बनाना एक टेढ़ी खीर साबित होगा।

जिले में चलने वाले 16 उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम के आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल घोषित किया गया है और अब इन स्कूलों को मॉडल बनाने का निर्देश राज्य शासन से मिला है। इसके तहत इन स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक भी आहूत की गई है। जिसमें स्कूलों के परीक्षा परिणाम से लेकर वहां उपलब्ध संसाधनों के संबंध में प्राचार्यों से जानकारी ली गई थी इससे अधिकांश स्कूलों में संसाधनों की कमी का मामला प्रमुख रुप से सामने आया था जिसमें छात्र छात्राओं व शिक्षकों के लिए शौचालय तक की सुविधा सही रुप से व्यवस्थित नहीं थी। अधिकांश स्कूलों में आज तक लाइब्रेरी ही शुरु नहीं हो सकी है। सुरक्षा के लिए भी चौकीदार उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे तमाम मूलभूत सुविधाओं की दरकार झेल रहे पीएमश्री स्कूलों को मॉडल बनाने की तैयारी विभाग के द्वारा की जा रही है। इसके पूर्व भी स्कूलों के प्राचार्यों की जब जब बैठक हुई तब तब संसाधनों का मुद्दा हमेशा सामने आता रहा है।

**खास बात**

- नए भवन के साथ सभी अत्याधुनिक संसाधन कराए जाएंगे उपलब्ध



फाइल फोटो

**16 स्कूल बनाए जाएंगे मॉडल**

जिले में 16 पीएमश्री स्कूलों को शासन की ओर से मॉडल बनाए जाने का निर्देश मिला है। उसके तहत शिक्षा विभाग ने इस दिशा में तैयारियां शुरु कर दी है। संसाधनो की जानकारी स्कूलों के प्राचार्यों से मांगी गई है।

- टी पी उपाध्याय, डीईओ

**साडा कन्या उत्कृष्ट विद्यालय**

शहर का साडा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ही एकमात्र ऐसा स्कूल है जहां कम्प्युटर लैब, ई लाइब्रेरी के साथ विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना सहित अन्य सभी प्रकार के संसाधन स्कूल में मौजूद हैं। प्रत्येक बोर्ड परीक्षा के दौरान स्कूल का बेहतर परीक्षा परिणाम भी इस बात का प्रतीक है कि स्कूल के पढ़ाई का स्तर बेहतर ढंग से संचालित हो रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा जिले के इस स्कूल को ही समन्वय केंद्र बनाया जाता है। मॉडल स्कूल की राह पर यही एक स्कूल है जो सरकार के मापदण्डों पर खरा उतर रहा है।

**पूर्व में भी बने थे मॉडल स्कूल जो बदल गए डीएवी में**

प्रदेश में 146 विकासखंडों में केंद्र सरकार के द्वारा 2004 में मॉडल स्कूल की शुरुआत की गई थी जिले में भी सभी 5 विकासखंड में एक एक मॉडल स्कूल संचालित हो रहे थे। इन स्कूलों में सीबीएसई माध्यम की पढ़ाई हुआ करती थी। ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब परिवारों के बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम की निःशुल्क शिक्षा की एक बड़ी सुविधा हुआ करती थी। इन स्कूलों के भवन के लिए 3 करोड़ की लागत से नए भवन भी तैयार किए गए लेकिन तब तक प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही मॉडल स्कूलों को बंद कर उनके स्थान पर मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल शुरु कर दिए गए।

## प्रतीक्षा सूची से भरे जा रहे आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पद



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षकों और गैर शिक्षक पदों के लिए 3 वर्ष पूर्व शिक्षित बेरोजगारों से भर्ती प्रक्रिया शुरु करते हुए मांगे गए आवेदनों से शुरु की गई भर्ती प्रक्रिया के तहत अभी भी प्राइमरी से लेकर हाईस्कूल तक शिक्षकों के रिक्त पद भरे नहीं जा सके हैं। पहले चरण में महज 57 अभ्यर्थियों ने ज्वाइनिंग दी थी जबकि 82 अभ्यर्थियों को इसके लिए बुलाया गया था।

पुराने आवेदनों से शुरु की गई भर्ती प्रक्रिया का परिणाम यह निकला है कि शिक्षा विभाग को भर्ती प्रक्रिया शुरु करने के बाद सभी पदों के लिए शिक्षक नहीं मिल रहे हैं। अधिकांश अभ्यर्थियों ने जो वर्ष 2023 में भर्ती हेतु आवेदन दिए थे उनमें से अधिकांश अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया शुरु नहीं होने की स्थिति पर अन्य स्थानों में ज्वाइनिंग ले ली है। कुछ शहर के ही निजी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अब अक्टूबर महीने से शिक्षा विभाग ने भर्ती प्रक्रिया शुरु की तो पहले चरण के लिए 82 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था जिसमें महज 57 पहुंचे। इस तरह 25 पद रिक्त रहे अब पुनः उन रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों की भर्ती करने के लिए प्रतिक्षा सूची से उन उम्मीदवारों को बुलाया जा रहा है जो अंकों के आधार पर प्रतिक्षा सूची में स्थान पाए हैं। ऐसे 26 लोगों को बुलावा पत्र भेजा गया है। 6 पद अभी भी रिक्त हैं जिनमें अंग्रेजी और संस्कृत के पद प्रमुख हैं।

**खास बात**

- पहले चरण में 57 अभ्यर्थियों ने दी थी ज्वाइनिंग, दूसरे चरण में 26 को फिर भेजा गया बुलावा पत्र

## नौकरी बदलने पर अब एक सप्ताह में ट्रांसफर होगा पीएफ खाता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नौकरी बदलने पर पुराने भविष्य निधि (पीएफ) खाते की धनराशि को नए खाते में भेजने के लिए अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय पीएफ खाते की धनराशि को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया को अब समयबद्ध करने जा रहा है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन नए सॉफ्टवेयर सिस्टम 3.0 के तहत कोर बैंकिंग जैसी सुविधा प्रदान करेगा, जिसके तहत आवेदन के 3 से 7 कार्य दिवस में पुराने खाते की धनराशि नए खाते में ट्रांसफर होगी।

बताया जा रहा है कि इस प्रक्रिया को लेकर चल रहा परीक्षण अभी तक सफल रहा है, जिसमें ईपीएफओ 3.0 के लागू होने पर शुरू कर दिया जाएगा। शुरू में धनराशि ट्रांसफर की अवधि अधिकतम 7 दिन रहेगी, लेकिन उसके बाद इसे घटाया जाएगा। भविष्य में रियल टाइम ट्रांसफर प्रक्रिया को भी अपनाया जाएगा, जिसमें तत्काल से लेकर अधिकतम 24 घंटे के अंदर धनराशि नए खाते में ट्रांसफर की जाएगी। नियमों के तहत नौकरी बदलने पर अपनी भविष्य निधि को नए खाते में ट्रांसफर कराना जरूरी है। अगर कोई खाता तीन वर्ष तक सक्रिय नहीं रहता है तो उस पर मिलने वाला सालाना ब्याज बंद हो जाता है। ईपीएफओ की योजना के हिसाब से फरवरी 2026 तक आधार कार्ड नंबर और यूनिवर्सल एकाउंट नंबर (यूएएन) के जरिए आसानी से पीएफ राशि को नए खाते में भेज पाएंगे। केवाईसी होने के बाद प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। अभी तक ट्रांसफर के लिए आवेदन करने के बाद पुराने और नए नियोक्ता का सत्यापन किया जाता है, जिसके बाद धनराशि को ट्रांसफर किया जाता है। इस प्रक्रिया में समय लगता है लेकिन कोर बैंकिंग व्यवस्था के तहत सिस्टम को यह पता रहेगा कि पुराने पीएफ खाते में कितनी धनराशि थी और कर्मचारी ने नई नौकरी कब शुरू की है।

**खास बातें**

- आवेदन के 7 दिन के भीतर पुराने खाते की धनराशि आएगी नये खाते में
- भविष्य में रियल टाइम ट्रांसफर की सुविधा होगी शुरु





### खेतों से खलिहान तक गूंज रही खुशियों की फसल

**कोरबा।** ग्राम पतरापाली के किसान राजाराम राठिया के चेहरे पर इन दिनों खुशी झलक रही है। कुछ महीने पहले तक जो चेहरे चिंता की लकीरों से भरे थे, अब वही चेहरे मेहनत की फसल देखकर खिल उठे हैं। पहाड़ी इलाके में कठिन परिश्रम कर खेत जोतने और धान बोने वाले किसान राजाराम को अब राहत है कि इस साल बारिश ने उनका साथ दिया। राजाराम बताते हैं कि जून-जुलाई के महीनों में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने बीज बोए थे, लेकिन दिल में यह डर भी था कि कहीं बारिश धोखा न दे। उनकी मेहनत रंग लाई - खेत लहलहा उठे और अब वे पकी फसल की कटाई कर खलिहान तक पहुंचाने में जुटे हैं। किसान राजाराम राठिया कहते हैं कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल कर देना हम किसानों के लिए बहुत बड़ा तोहफा है। इसके साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी का निर्णय किसानों को आर्थिक संबल देगा। लगभग 20 एकड़ में फसल लेने वाले राजाराम ने बताया कि कटाई का काम अंतिम चरण में है और जल्द ही वे अपनी उपज कोरकोमा धान उपार्जन केंद्र में बेचेंगे।

## सफाई कर्मी से मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी पुलिस चौकी ने सफाई कर्मी से मारपीट करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सफाई कर्मी से मारपीट की और फिर उसका मोबाइल व रुपए लूट लिए थे। मामले में पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सीएसईबी चौकी अंतर्गत यह घटना तीन दिन पहले घटित हुई थी। सफाई कर्मी अपना काम निपटाकर रात्रि को घर लौट रहा था। बुधवारी इलाके में पांच अराजक तत्वों ने उसे रोका। उनके चेहरे पर नकाब बंधे हुए थे। उन्होंने शराब पीने के लिए रुपए की मांग की। सफाई कर्मी ने इनकार किया तो मौके पर ही उसके साथ जमकर मारपीट की गई।

## शासकीय महाविद्यालय दीपका में उच्च शिक्षा व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोयला और कोलवाशरी से प्रभावित आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दीपका (झाबर) स्थित शासकीय महाविद्यालय की दयनीय स्थिति पर ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति ने गहरी चिंता व्यक्त की है।

समिति ने शनिवार को कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज न्यास प्रबंधन समिति और अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एसईसीएल को ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय की मूलभूत समस्याओं के तत्काल समाधान और जिला खनिज न्यास तथा एसईसीएल की सीएसआर निधि के अनिवार्य उपयोग की मांग की है। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने बताया है कि यह महाविद्यालय वर्ष 2008 में स्थापित हुआ था, किंतु आज भी यह न्यूनतम सुविधाओं से वंचित है। सबसे गंभीर विषय यह है कि महाविद्यालय में कुल 345 छात्रों में से 280 छात्राएं हैं, जबकि परिसर में बाउंड्रीवॉल, इंट्री गेट का नितांत अभाव है। मुख्य मार्ग से 100 मीटर तक की सड़क संकरी और जर्जर है यह सीधे तौर पर हमारी बेटियों की सुरक्षा को खतरे में डालता है और उनके उच्च शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यह कॉलेज मात्र 5 स्थायी और 5 अतिथि प्राध्यापकों के भरोसे चल रहा है। विषयवार व्याख्याताओं की कमी के कारण 900 स्वीकृत सीटों में से लगभग 555 सीटें खाली रह जाती हैं, जो उच्च शिक्षा के प्रति स्थानीय छात्रों की विमुखता को दर्शाता है। इसके अलावा स्पोर्ट्स शिक्षक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लैब और लाइब्रेरी कर्मचारियों के सभी पद रिक्त पड़े हैं। समिति ने सीधे तौर पर डीएमएफ और एसईसीएल प्रबंधन पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है। यह क्षेत्र कोयला खदानों और कोलवाशरी से सीधे प्रभावित है बेलटिकरी, झाबर, दीपका सहित अनेकों विस्थापित ग्राम आते हैं।

नियमानुसार डीएमएफ और सीएसआर निधि का प्राथमिक उद्देश्य ऐसे क्षेत्रों में शिक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार करना है। बावजूद इसके इस महाविद्यालय को लगातार उपेक्षित किया जा रहा है।

### विद्युत पावर लीग क्रिकेट मैच का आयोजन

## वीपीसीएल में कोरबा पश्चिम व अंबिकापुर ने दर्ज की अपनी पहली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत पावर क्रिकेट लीग के रोमांचक सफर में 8वां और 9वां मुकाबला खेला गया। जिसमें रायपुर सेंट्रल ने एक ही दिन में दो मैच खेले। दोनों मुकाबलों में टीम को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

पहले हाफ में खेले गए मुकाबले में रायपुर सेंट्रल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का निर्णय लिया। एचटीपीएस कोरबा पश्चिम ने शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 204 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें पवन शर्मा ने 97 रन और वरूणदेंद्र दीक्षित ने 57 रन बनाये। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए रायपुर सेंट्रल मात्र 69 रन पर ऑल आउट हो गई। गेंदबाज़ी में देवेंद्र वर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके। एचटीपीएस कोरबा पश्चिम ने मैच 135 रनों से जीता और पवन शर्मा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे हाफ में खेले गए मुकाबले में रायपुर सेंट्रल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला लिया। टीम ने सजग शुरुआत करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 148 रन बनाए। जिसमें आनंद वर्मा ने 55 रन और सौरभ राय ने नाबाद 55 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अम्बिकापुर क्षेत्र की टीम ने बेहद संतुलित बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन किया। राजेश यादव ने 69 रनों की शानदार पारी खेलते हुए टीम को 18.1 ओवर में 149/3 तक पहुँचा दिया। परिणाम स्वरुप अम्बिकापुर क्षेत्र ने मुकाबला 7 विकेट से जीत लिया और राजेश यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अंपायर की भूमिका राहुल यादव, ध्रुव कुमार, नमन निराला और विक्की सैनी ने निभाई। स्कोरिंग एवं कमेंट्री का कार्यभार संतोष सिंह, सागर देवांगन, घनश्याम साहू, सुधेश्वर देवांगन और पवन दास ने निर्वाहन किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला के ओलिंपिक सचिव सुरेश क्रिस्टोफर और रायपुर सेंट्रल के कप्तान रोहित वर्मा उपस्थित रहे।



विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि।

**न्यायालय तहसीलदार पाामगढ़, जिला-जाजंगीर चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्र / 202509063100059 / अ-27/24-25
ग्राम चेउडीह प.ह.नं.-17
तहसील पाामगढ़ जिला जाजंगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक दुर्गा प्रसाद पिता घासीराम, कैलासबाई बेवा घासीराम जाति सूर्यवंशी साकिन चेउडीह तहसील पामगढ़ जिला जाजंगीर-चांपा छ.ग. के द्वारा धारा 178 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक एवं अनावेदगणों की शामिल खाता में कुल खसरा नंबर 7/3, 166/3,169/6, 173/3, 178, 6/1, 70/10, 197/2 कुल खसरा नंबर 08 कुल रकबा 1.827 हे. भूमि ग्राम चेउडीह में स्थित है। वादभूमि को आवेदक 1/2 की मान से खाता विभाजन कराना चाहता है। वादभूमि का 1/2 के मान से खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुतकिया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 21/11/25 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत करसकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक-11/11/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सीलमुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
पाामगढ़
जिला-जाजंगीर चांपा (छ.ग.)

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- शल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि।
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी., इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ।
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- मासिक धर्म सम्बंधी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, नसबंदी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लैडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# ‘अखंड 2’ में नंदमुरी बालकृष्ण का अवतार चौंका देगा ...

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म ‘अखंड 2’ काफी समय से चर्चा में है। फिल्म की पहली किस्त ‘अखंड’ को लोगों ने खूब पसंद किया था। अब नजरें दूसरी किस्त पर हैं। लोगों के उत्साह को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने ‘अखंड 2’ का पहला गाना ‘द थांडवम’ जारी कर दिया है। अभिनेता नंदमुरी पर फिल्माए ‘द थांडवम’ के बोल शंकर महादेवन ने लिखे हैं। इसे आवाज कैलाश खेर और कल्याण चक्रवर्ती ने दी है। शक्ति और विनाश से भरपूर ‘द थांडवम’ में नंदमुरी, भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए हैं। उनका अवतार रोंगटे खड़े कर देने वाला है।

## लाइफ Style

# रवीना

## पीएम मोदी की मां का निभाएंगी किरदार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन हमेशा से दमदार किरदार निभाने के लिए जानी गई हैं। फिल्म ‘पटना शुक्ला’ और ‘लॉयर’ में उनके निभाए गए किरदारों को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था। खबर है कि अभिनेत्री अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बायोपिक का हिस्सा बन गई हैं, जिसका नाम ‘मां वंदे’ होगा।

फिल्म में उन्हें प्रधानमंत्री की दिवंगत मां हीराबेन का किरदार निभाते देखा जाएगा। क्रांति कुमार च फिल्म का निर्देशन करेंगे। मलयालम अभिनेता उन्नी मुकुंदन प्रधानमंत्री मोदी का किरदार निभाएंगे। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, रवीना अपने किरदार को लेकर काफी खुश हैं। वह हमेशा से हीराबेन के विपरीत परिस्थितियों में उबरने के साहस की प्रशंसक रही हैं। एक सूत्र के हवाले से कहा गया, मां वंदे ऐसी फिल्म है, जो मां-बेटे के रिश्ते पर केंद्रित है। फिल्म मुख्य रूप से उनके त्याग, दृढ़ता और उनके जिंदगी को बेहतर बनाने के योगदान को दिखाती है। रवीना इस पहलू से प्रभावित थीं, और कहानी का हिस्सा बनना चाहती थीं। रिपोर्ट के मुताबिक, ‘मां वंदे’ का निर्माण वीर रेड्डी एल द्वारा सिल्वर कास्ट क्रिएशन्स के बैनर तले किया जाएगा। श्रीकर प्रसाद निर्देशन का काम संभालेंगे। निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित होगी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के बचपन से उनके राजनीति में आने तक के सफर और उतार-चढ़ाव को दिखाया जाएगा। कुछ अनछुए पहलू होंगे जिसमें उनकी मां की प्रभावशाली भूमिका दिखेगी। कहानी को प्रभावशाली बनाने के लिए निर्माता वीएफएक्स तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# 3 इडियट्स वाले मिमी दिखे पत्नी के साथ

**नई दिल्ली।** आमिर खान की फिल्म ‘3 इडियट्स’ भला किसने नहीं देखी होगी! 2009 में रिलीज इस फिल्म की कहानी ही नहीं, बल्कि किरदार भी लोगों को बहुत पसंद आए थे। यही वजह है कि फिल्म सुपर-डुपर हिट साबित हुई थी। फिल्म में एक किरदार ‘मिलीमीटर’ का था, जिसे अभिनेता राहुल कुमार ने निभाया था। सोशल मीडिया पर राहुल का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्हें तुर्की की पत्नी के साथ देखा जा सकता है। वीडियो में उन्हें पहचानना मुश्किल है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में अभिनेता राहुल को अपनी तुर्की पत्नी के साथ दिल्ली में देखा गया।



# मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार बनीं मां...

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की मशहूर रैपर कार्डी बी चौथी बार मां बन गई हैं। उन्होंने बॉयफ्रेंड स्टेफन डिग्स के साथ एक बेटे का स्वागत किया है। उन्होंने इस खुशखबरी को सोशल मीडिया पर एक वीडियो के जरिए साझा किया। वीडियो आते ही प्रशंसकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वो कार्डी और स्टेफन को बधाई देकर अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं। स्टेफन के साथ कार्डी का ये पहला बच्चा है, जबकि उनके पहले से 2 बेटे और 1 बेटी है। कार्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें उन्हें अपनी एल्बम ‘एम आई द ड्रामा?’ के गाने ‘हैलो’ पर लिप-सिंक करते हुए देखा गया। उन्होंने वीडियों के कैप्शन में लिखा, ‘मैं दुनिया में नया संगीत और एक नया एल्बम लेकर आई! मेरी दुनिया में एक नया बच्चा’ उन्होंने कहा कि यह सब उन्हें अपने बच्चों के लिए बेहतर बनने की प्रेरणा देता है।’



# माधवन की फिल्मों को देखने का करेगा मन

**मुंबई।** आर माधवन जब भी पर्दे पर आते हैं तो अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। किरदार जैसा भी हो, अभिनेता उसमें इस कदर उतरते हैं कि आप उनसे नजरें नहीं हटा सकेंगे। फिलहाल माधवन फिल्म ‘दे दे प्यार दे 2’ को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अजय देवगन के ससुर बने हैं। उनका यह किरदार बेहद दिलचस्प है। खैर हम आपको माधवन की ऐसी ही दमदार फिल्में बताएंगे, जिन्हें आप ओटीटी पर देख सकते हैं। माधवन ने बॉलीवुड में फिल्म ‘रहना है तेरे दिल में’ के साथ डेब्यू किया था। अभिनेता का जुनूनी किरदार इस फिल्म में देखने को मिलता है। कहानी ऐसी है, जो आपके दिल में बस जाएगी। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है। फिल्म ‘आप जैसा कोई’ इसी साल जुलाई, 2025 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।



# भूत पुलिस 2 से कटा सैफ व अर्जुन का पत्ता

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और अर्जुन कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म ‘भूत पुलिस’ 2021 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जैकलीन फर्नांडिस और यामी गौतम भी अहम किरदार में थीं। दर्शकों ने फिल्म को ठीक-ठाक प्रतिक्रिया दी थी। खबर है कि निर्माता इस फिल्म की दूसरी किस्त लाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसने लोगों का उत्साह बढ़ा दिया है। हालांकि, दिलचस्प बात ये है कि दूसरी किस्त से पुराने चेहरों को बाहर कर दिया गया है। बॉक्स ऑफिस वर्ल्डवाइड की रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि निर्माता ‘भूत पुलिस’ की दूसरी किस्त पर चुपचाप काम कर रहे हैं। फिल्म की कहानी लिखी जा रही है, साथ ही नई कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है।

## टीवी मसाला



# ‘बिग बॉस 19’: बेघर होने पर भड़के मृदुल इस प्रतियोगी को बताया शो का विजेता

**मुंबई।** सलमान खान के रियलिटी शो ‘बिग बॉस 19’ के फिनाले में सिर्फ 3 हफ्ते बचे हैं। अभिषेक बजाज के बाद मृदुल तिवारी को बीच हफ्ते शो से बाहर का रास्ता दिखाया गया। इस चौंकाने वाले कदम से न सिर्फ उनके चाहने वाले, बल्कि खुद मृदुल भी भड़क गए हैं। हालिया बातचीत में यूट्यूबर ने निर्माताओं के अनुचित फैसले पर सवाल उठाया, और प्रशंसकों के समर्थन को याद किया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह किसे विजेता बनते देखना चाहेंगे।

***मृदुल ने निष्कासन को बताया मजाक :*** बातचीत में मृदुल ने कहा, ये एक मजाक जैसा लगा। मैंने एक ईमानदार खिलाड़ी के रूप में 80 दिनों का सफर पूरा किया। मैं निर्माताओं को दोष नहीं दूंगा, लेकिन जब मुझे पता चला कि मुझे इसलिए बेदखल कर दिया गया, क्योंकि एक टास्क के दौरान मुट्ठी भर लोगों ने मुझे वोट नहीं दिया था तो यह अनुचित लगा। उन्होंने कहा, मैंने शो में जबरदस्त वोट पाकर प्रवेश किया था, मुझे यह ट्विस्ट समझ नहीं आया।

***मृदुल ने बताया ‘तय’ विजेता का नाम :*** ‘बिग बॉस 19’ में शुरुआती सफर से मृदुल और गौरव खन्ना की दोस्ती नजर आई है। उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के अभिनेता को विजेता घोषित कर दिया। मृदुल ने कहा, मेरे बाद सिर्फ गौरव ही जीत का हकदार है। वह सीधा-सादा, विनम्र है और कभी दूसरों को गाली नहीं देता। अगर किसी को जीतना है तो वह गौरव ही होना चाहिए। अगर उसके अलावा कोई और जीतता है तो मैं उस जीत को कभी गंभीरता से नहीं लूंगा।



## ‘बिग बॉस 19’ से निकलते ही बसीर अली के हाथ लगा नया प्रोजेक्ट

एकता कपूर के शो ‘कुंडली भाग्य’ से अभिनय की शुरुआत करने वाली बसीर अली के हाथ नया प्रोजेक्ट लगा है। इस खबर ने उनके प्रशंसकों का उत्साह सांतवें आसमान पर पहुंचा दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस आगामी प्रोजेक्ट में उनके साथ मशहूर टीवी अभिनेत्री ईशा मालवीय नजर आएंगी, जो ‘बिग बॉस 17’ का हिस्सा भी रह चुकी हैं। बसीर जब से ‘बिग बॉस 19’ से बाहर आए हैं, उनके प्रशंसकों को उनके नए प्रोजेक्ट का इंतजार था। रिपोर्ट के मुताबिक, बसीर और ईशा को कथित तौर पर एक म्यूजिक वीडियो के लिए साथ लाया गया है। यह गाना भावनाओं से भरपूर होने का वादा करता है। यह पहला मौका होगा जब प्रशंसक, बसीर और ईशा को एक साथ स्क्रीन साझा करते देखेंगे। लोगों ने अभी से सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करना शुरू कर दिया है। हालांकि बसीर और ईशा के आगामी म्यूजिक वीडियो पर निर्माताओं का आधिकारिक बयान आना बाकी है।

# ‘वेलकम टू द जंगल’ में येदा अन्ना के किरदार में लौटेंगे सुनील शेट्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म ‘वेलकम’ को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला था। 2015 में जॉन अब्राहम ‘वेलकम बैक’ के साथ आए। यह फिल्म भी ठीक-ठाक साबित हुई। अब फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त ‘वेलकम टू द जंगल’ की बारी है, जिसका इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। फिल्म के निर्देशक अहमद खान ने हालिया बातचीत में तीसरी किस्त के बारे में बात की है। यही नहीं उन्होंने फिल्म में सुनील शेट्टी के किरदार पर दिलचस्प खुलासा किया।



***पुराने किरदार में वापसी करेंगे सुनील :*** पिंकविला के साथ बातचीत में अहमद ने ‘वेलकम टू द जंगल’ से सुनील के किरदार पर बात की और बताया कि वो ‘येदा अन्ना’ के रूप में वापसी करेंगे। जिन लोगों को नहीं पता उन्हें बता दें कि फिल्म ‘आवारा पागल दीवाना’ में अभिनेता ने इस किरदार को निभाया था।उन्होंने कहा, सुनील, ‘आवारा पागल दीवाना’ से लिया गया येदा अन्ना का किरदार निभा रहे हैं, इसलिए वो थोड़े अलग अंदाज में येदा अन्ना का किरदार निभा रहे हैं।

***तीन बड़े गानों में दिखेंगे सुनील:*** अहमद ने बताया कि येदा अन्ना के रूप में सुनील की अक्षय और अरशद वारसी के साथ दिलचस्प नोंक-झोंक है, जो रोमांच और मस्ती बढ़ाएगी। उनके मुताबिक इन तीनों के साथ मिलकर फिल्म का मजा भी बढ़ जाता है। उन्होंने आगे कहा, सुनील के पास 3 गाने हैं। मैंने उन्हें उनके जवानी के दिनों में नचाया था। अब मैं उन्हें फिर से नचा रहा हूं और यही उनकी सबसे अच्छी बात है। वह बूढ़े होने से इनकार करते हैं।


*मुंबई। आने वाले दिनों में कई रोमांटिक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इन्हीं में से एक है ‘तेरे इश्क में’। फिल्म से सामने आई कलाकारों की झलकियों और गाने ने पहले ही दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया था और अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसकी राह खासतौर से कृति सैनन और धनुष के प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे थे। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी ‘तेरे इश्क में’ का ट्रेलर, जारी हो गया है।*

# ‘तेरे इश्क में’ आशिक बने धनुष कृति संग खूब जमी जोड़ी...

***प्यार-दर्द और टूटे रिश्ते की कहानी :*** ‘तेरे इश्क में’ का ट्रेलर रोमांटिक और भावनात्मक सफर पर ले जाता है। इसमें धनुष को एक दिल जले और बेरहम दीवाने आशिक के रूप में दिखाया गया है। उन्हें देख फिल्म ‘रांझणा’ में उनके किरदार कुंदन की यादें ताजा हो जाती हैं। उधर दर्द में डूबीं कृति के साथ धनुष की केमिस्ट्री भी कमाल की है। ट्रेलर देख तो लगता है कि प्यार, दर्द और जज्बातों से लबरेज एक दिल छू लेने वाली कहानी पर्दे पर आने वाली है।

***कब रिलीज हो रही ‘तेरे इश्क में’? :*** फिल्म की कहानी हिमांशु शर्मा और नीरज यादव ने मिलकर लिखी है। आनंद एल राय इसके निर्देशक हैं। वो फिल्म के प्रोडक्शन में भी शामिल हैं। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक फिल्म है, जिसके गाने इरशाद कामिल ने लिखे हैं और संगीतकार एआर रहमान हैं। इसके टाइटल सॉन्ग को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज से सजाया है। फिल्म में एक बेहद भावनात्मक प्रेम कहानी देखन को मिलेगी। ‘तेरे इश्क में’ 28 नवंबर 2025 को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी।

***आनंद राय ने कराए थे धनुष को बॉलीवुड के दर्शन:*** धनुष ने आनंद की फिल्म ‘रांझणा’ से ही साल 2013 में बॉलीवुड में कदम रखा था। अपनी पहली हिंदी फिल्म से ही उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था।



***कुंदन के किरदार में जान फूंकने में धनुष ने कोई :*** कसर नहीं छोड़ी। आखिरी बार धनुष और आनंद फिल्म ‘अतरंगी रे’ के लिए साथ आए और एक बार फिर धनुष ने हिंदी भाषी दर्शकों को अपना मुरीद बना लिया। अक्षय कुमार और सारा अली खान भी इस फिल्म का हिस्सा थे।

## ‘आई एम कलाम’ ने भारत और विदेशों में 20 से भी ज्यादा जीते पुरस्कार

# बच्चों पर बनीं इन फिल्मों ने जीते राष्ट्रीय पुरस्कार, एक पर सलमान ने लगाया था दांव

*मुंबई। बाल दिवस के मौके पर बच्चों की दुनिया, उनकी मासूमियत और सपनों को खूबसूरती से दिखाने वाली कई हिंदी फिल्मों की याद ताजा हो जाती है। ऐसी कई फिल्मों ने न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता, बल्कि अपनी भावनात्मक कहानियों और मजबूत संदेशों के लिए बड़े-बड़े पुरस्कार भी जीते। आइए जानें उन फिल्मों के बारे में, जिन्होंने बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी अपना मुरीद बना लिया, वहीं इनमें काम करने वाले छोटे उस्ताद भी पर्दे पर छा गए।*



### ‘चिल्लर पार्टी’

साल 2011 में आई ‘चिल्लर पार्टी’ ने कम बजट में भी बड़ा कमाल कर दिखाया था। करीब 60 लाख रुपये में बनी इस फिल्म ने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर सबको चौंका दिया। इस फिल्म ने अपनी दमदार कहानी और शानदार अभिनय के दम पर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता। विकास बहल और नितेश तिवारी इसके निर्देशक तो सलमान खान निर्माता थे। नेटफ्लिक्स पर मौजूद इस फिल्म में इरफान खान और स्वरा भास्कर समेत कई कलाकार थे।



### ‘आई एम कलाम’

उधर अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद फिल्म ‘आई एम कलाम’ ने कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का नाम रोशन किया। ये कहानी है एक गरीब बच्चे ‘छोटू’ की, जो पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम से प्रेरित होकर अपनी जिंदगी बदलने का सपना देखता है। इसकी कहानी और हर्ष मायर के दमदार अभिनय ने इसे बेहद खास बना दिया। इसकी असली उपलब्धि रही पुरस्कारों की लंबी सूची। इस फिल्म ने भारत और विदेशों में 20 से भी ज्यादा पुरस्कार जीते।




### ‘तारे जमीन पर’

बच्चे जब एक्टिंग के अपने सफर पर निकलते हैं तो फिल्म इंडस्ट्री के समंदर से कई शानदार फिल्में मोती के रूप में निकलती हैं। बच्चों पर ऐसी कई बेहतरीन फिल्में बन चुकी हैं। इस सूची में ‘तारे जमीन पर’ का नाम भी शामिल है। आमिर खान इस फिल्म के निर्माता-निर्देशक थे। ये फिल्म डिस्लेक्सिया से जूझ रहे एक 8 साल के बच्चे की कहानी बयां करती है। राष्ट्रीय पुरस्कार जीत चुकी इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।



### ‘इकबाल’ और ‘धनक’

‘इकबाल’ की कहानी एक ऐसे लड़के की है, जो सुन और बोल नहीं सकता, लेकिन उसके अंदर भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेलने का बड़ा सपना है। फिल्म में श्रेयस तलपड़े ने मुख्य भूमिका निभाई थी। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी ‘इकबाल’ को आप जी 5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। उधर फिल्म ‘धनक’ में 2 भाई-बहनों के रिश्ते को खूबसूरती से दिखाया गया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकी ‘धनक’ नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर है।

## खबर संक्षेप

### बाल दिवस के अवसर पर चलाया गया साफ-सफाई अभियान



**बिर्रा।** शासकीय डी डी एस उच्तर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में बाल दिवस के अवसर पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं के द्वारा गरजना तालाब के घाट की सफाई किया गया। इस अभियान का जनपद पंचायत सदस्य रितेश रमण सिंह, सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू, समाज सेवक मणीलाल कश्यप ने सराहना की है। सभी के द्वारा इसी तरह आने वाले समय में बालिका को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षक मुकुंद कृष्ण पांडेय, प्राचार्य सुनील कुमार कुर्रे, व्याख्याता राकेश साहू, देवनारायण चौहान, सुशील नेताम, श्रीमती लक्ष्मी खुंटे, श्रीमती संगीता कश्यप, सरस्वती कुम्भकांर, दिव्या मनहर ,माही रात्रे ,राधिका साहू, रागिनी खुंटे, न्यासा पटेल , दुर्गा सहीस उपस्थित थे

**छात्रा कु दिव्या मनहर के बनाई रंगोली को खूब सराहा**–बाल दिवस के उपलक्ष्य पर कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा कु दिव्या मनहर ने बहुत ही सुन्दर आकर्षक रंगोली बनाई। सभी ने छात्रा का उत्साहवर्धन और हौसला अफजाई किया। समाजसेवक मणीलाल कश्यप के द्वारा पुरस्कार स्वरूप इनाम की राशि प्रदान किया गया है।

### राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आज

**चांपा।** राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर स्थानीय प्रेस क्लब चांपा द्वारा सोमवार 17 नवंबर को शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन होटल पंजाब हवेली चांपा में किया जाएगा। कार्यक्रम में पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवपदस्थ अधिकारियों, नवनिर्वाचित पार्षदों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जावेगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, नपाध्यक्ष प्रदीप नामदेव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह की शुरुआत राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में पत्रकारिता के महत्व और उसकी जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए होगी। इसके बाद नवगठित प्रेस क्लब चांपा की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न कराया जाएगा। पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करने की शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकारों तथा समाजसेवा से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मासिक बैठक आयोजित



**बलौदा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा में आचार्यों का रविवार 16 नवंबर को मासिक बैठक रखा गया। इस अवसर पर सभी आचार्यों ने योग व्यायाम का अभ्यास किया। तत्पश्चात नितेश देवांगन ने संघ प्रार्थना लिया। उसके बाद मंजू साहू ने वार्षिक गीत का अभ्यास कराया। शैल गुप्ता ने प्रातः स्मरण मंत्र एवं मां भारती के वंदना का अभ्यास कराया, उसके बाद विद्यालय के प्राचार्य रमेश अहीर ने विद्यालयीन चर्चा पर मार्गदर्शन किया। इसी तारतम्य पर विभाग समन्वयक दीपक सोनी ने छात्र-छात्राओं के गुणवत्ता विकास हेतु उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए अपना विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक शिवकुमार सोनी, उपाध्यक्ष गजानंद देवांगन एवं प्रधानाचार्य दयाशंकर देवांगन, किशोर भारती प्रमुख संतोष यादव एवं आचार्य गण उपस्थित थे।

### पॉवरलिफ्टिंग में धनंजय ने जीता स्वर्ण पदक

**अकलतरा।** पॉवर स्पोर्ट्स फेस्टिवलऑफ छत्तीसगढ़ 2025 का आयोजन में 14 से 16 नवंबर तक भिलाई पॉवर जिम सेक्टर 6 में आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता आर्म रेसलिंग, पॉवरलिफ्टिंग, बॉडीबिल्डिंग व पॉवर स्पोर्ट्स ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष सुरेश बाबे के निर्देशन में किया गया। पॉवर स्पोर्ट्स फेस्टिवलऑफ छत्तीसगढ़ के पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य लगभग सभी जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमे ग्राम लटिया के युवक धनंजय यादव ने 59 कि ग्राम वजन समूह सीनियर वर्ग में 190 किलोग्राम स्कोट 100 किलोग्राम ब्रेंचप्रेस एवं 230 किलोग्राम डेडलिफ्ट किया एवं कुल 520 कि किलोग्राम भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम करते हुए जिला व लटिया ( अकलतरा ) का नाम रोशन किया है साथ ही 19 से 21 दिसंबर इंदौर (मध्यप्रदेश ) में आयोजित होने वाले वेस्ट इंडिया सीनियर क्लासिक पॉवरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। धनंजय यादव ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने कोच दिलीप पटेल एवं विघ्नेश कुमार ,माता पिता भाई व डी एल फिटनेस क्लब अकलतरा को दिया है। धनंजय के इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी कृष्णा साहू एवं क्षेत्र वासियों ने बधाई प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।



---

प्राधिकृत अधिकारी, नवीन खरीदी प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों को पुनः दिया गया प्रशिक्षण

# पूरी जिम्मेदारी से करें धान खरीदी का कार्य : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त सभी प्राधिकृत अधिकारी, नवीन खरीदी प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए पुनः प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को ऑनलाइन सोसायटी मॉड्यूल सॉफ्टवेयर में आवश्यक जानकारी भरने, टोकन जारी करने, बारदाना की व्यवस्था, सोसायटी गेट पास सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

जिले में धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त सभी प्राधिकृत अधिकारी, नवीन खरीदी प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए पुनः प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की उपस्थिति में रविवार 16 नवंबर को किया गया। बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को अपने अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने खाद्य विभाग, मार्कफेड और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा जिले के सभी सेवा सहकारी समितियो में नियुक्त नए प्रभारियों को सभी आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता में है। बैठक में सचिव संघ के जिला अध्यक्ष तामेश्वर प्रसाद चंद्रा और सचिव संघ जिला सचिव भवानी प्रसाद भारद्वाज सहित अन्य सभी सचिव ने उन्हें धान खरीदी कार्य के लिए नियुक्त नए प्रभारी के रूप में सौंपे गए दायित्वों को पूरी निष्ठा से करने तथा धान खरीदी कार्य को सुव्यस्थित ढंग से कराने की बात कही। बैठक में उपस्थिति सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को ऑनलाइन सोसायटी मॉड्यूल सॉफ्टवेयर में आवश्यक जानकारी भरने, टोकन जारी करने, बारदाना की व्यवस्था, सोसायटी गेट पास सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण में शामिल सेवा सहकारी समितियों के सभी प्राधिकृत अधिकारी, नवीन खरीदी प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर को जानकारी देते कलेक्टर।

### खेतों में पैरा जलाने पर कार्रवाई का प्रावधान

मशीन से धान की कटाई पर पराली खेतों में रह जाती है। किसानों द्वारा इन पैरा को आग के हवाले कर दिया जाता है। इसके चलते पर्यावरण प्रदूषित होता है, इससे भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होती है। शासन प्रशासन द्वारा प्रचार-प्रसार करते हुए किसानों को जागरुक किया जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी इस पर अंकुश नहीं लग पाता है। धान की कटाई अब धीरे-धीरे तेज हो हो गई है और किसानों के द्वारा धान काटने के बाद पैरा को खेत में ही छोड़ दिया जाता है। बाद में इसे आग के हवाले कर दिया जाता है। कृषि अपशिष्ट/पराली के वृहद रूप से जलाये जाने के कारण वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और मानव जीवन पर कुप्रभाव पड़ रहा है। कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो किसान अपने खेतों में पराली व फसल अवशेष न जलाएं, इससे पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचती है। साथ ही खेत की मिट्टी के लाभदायक सूक्ष्म जीवाणु मर जाते हैं। उनका कहना है कि पराली जलाने से भूमि में अम्लीयता बढती है, जिससे मृदा को अत्यधिक क्षति पहुंचती है । सूक्ष्म जीवाणुओं की सक्रियता घटने लगती है एवं भूमि की जलधारण क्षमता पर भी विपरीत प्रभाव पडता है ।



---



# शिक्षा संबंधी सुविधाओं को धरातल पर परखने शुरु हुई कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने किया विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण

जिले की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने 15 नवंबर से शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासन ने शिक्षा में सुधार लाने की कवायत शुरू की है। इस अभियान का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शासन द्वारा कई प्रकार की शिक्षा संबंधी सुविधाएं जो दी जा रही हैं उन सुविधाओं को धरातल पर क्या लाया जा रहा है कि नहीं इस विषय में जानकारी प्राप्त करना है।

इस गुणवत्ता अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सम्मिलित रूप से निरीक्षण टीम गठित कर हर विद्यालयों में अपनी पहुंच रखनी है, और शिक्षा गुणवत्ता अभियान की जांच जमीनी स्तर पर करनी है। इसी चरण में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष गगन जयपुरिया ने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक रोगदा,शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक गोविंदा शासकीय उच्चतर माध्यमिक रोगदा - धाराशिव शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक रोगदा -धाराशिव, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक कन्या शाला पोडीशंकर, भाटापारा सहित कुल नौ शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री जयपुरिया ने पाया कि अधिकांश विद्यालय सुबह के स्कूल के समय या तो खुले ही नहीं है और यदि शिक्षक की उपस्थिति है उसमें भी केवल एक या दो शिक्षक ही अपने कर्तव्य स्थल पर पहुंचकर अपने कर्तव्यो का निर्वहन कर रहे है। उन्होंने विद्यालयों में पहुंचकर विद्यालय उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों के बीच जाकर शिक्षा के स्तर की परख करने का प्रभावी प्रयास किया। उन्होंने इस निरीक्षण के बारे में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारा मूल उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था की कमियों को उजागर करना नहीं है अपितु, सरकार शिक्षा व्यवस्था को लेकर कितनी गंभीर है इस बात के बारे में जनमानस को अवगत कराना है। उन्होंने आम नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे विद्यालयों में जाएं और शिक्षा व्यवस्था की को सुचारू रूप से चलने में अपना योगदान देने का प्रयास करें।

---

### विधायक कश्यप के प्रयास से घुंडी नाला गेमन पुल निर्माण की मिली स्वीकृति

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा विधानसभा के विधायक ब्यास कश्यप के लगातार प्रयास से घुंडी नाला पर पुल निर्माण एवं पुराने एन.एच. पर हसदेव नदी में जर्जर गेमन उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। ज्ञात हो कि जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने पहले उपरोक्त दोनों कार्यो को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल कराया। उसके बाद लगातार विभागीय मंत्री एवं सचिव से मुलाकात कर उक्त कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाई। रा.रा.क्र. 49 से जांजगीर चांपा के मध्य लछनपुर के पास घुंडी नाला में पुल निर्माण के लिए 5 करोड़ 41 लाख 10 हजार रूपये तथा जिला जांजगीर-चांपा के पुराना एन.एच. पर हसदेव नदी में जर्जर गेमन उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 15 करोड़ 86 लाख 75 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विदित हो कि इसके पूर्व में भी जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप के प्रयास से कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति दी गई है, जिनमें ग्राम धाराशिव से रोगदा मार्ग लंबाई 3.80 कि.मी. लागत राशि 4 करोड़ 27 लाख 69 हजार रूपये, तथा ग्राम सरखों-औंराईकला नहर पार होते हुए पाली पहुंच मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. लागत राशि 4 करोड़ 36 लाख शामिल है।



## छत्तीसगढ़ की 36 भाजियों को देख गदगद हुए किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

- रायगढ़ जिले के किसानों को जिंदल ने कराया किसान स्कूल का भ्रमण

प्रदेश के रायगढ़ जिले के अलग-अलग एफपीओ के 35 प्रगतिशील किसानों को जिन्दल पॉवर प्लांट ने बहेराडीह में स्थित देश के पहले किसान स्कूल का भ्रमण कराया, जहां किसानों ने यहां पर वर्ष 2012 से छत्तीसगढ़ की 36 भाजियों पर किए जा रहे अनुसन्धान को देखकर खूब प्रभावित हुए, वहीं घर की छत पर विकसित किए गए टेरिस गार्डन को देख किसान स्कूल के क़ृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचार की खूब सराहना की।

जिंदल फाउंडेशन तमनार रायगढ़ के सुरेश कुमार डड़सेना ने बताया कि जिंदल द्वारा रायगढ़ जिले में किसानों का एफपीओ बनाया गया है और एफपीओ से जुड़े किसानों को क़ृषि क्षेत्र सहायता, प्रशिक्षण और भ्रमण कराया जाता है। इसी कड़ी में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह का भ्रमण कराया गया, जहां पर किसानों ने पहली बार छत्तीसगढ़ की 36 भाजियों के देशी बीजों, भाजियों और उसके अवशेष से बनी रंग बिरंगी राखी, कपड़ा को देख खूब प्रभावित हुए. भ्रमण के दौरान यहां के किसानों के द्वारा उगाई गई 6 फीट ऊंचाई की धनिया को देख खूब प्रभावित हुए। किसानों ने पशुपालन, गोमूत्र इकाई, गोबर गैस प्लांट, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, केंचुआ पालन इकाई, अंजोला इकाई, नाडेप इकाई, वर्मी कम्पोस्ट इकाई, अक्षय चक्र क़ृषि बाड़ी मॉडल, केले समेत भिंडी, चेच भाजी, अमारी भाजी व अलसी के रेशे से निर्मित कपड़ा तथा विलुप्त चीजों को बड़े पैमाने पर सहेजकर रखे गए संग्रहालय एवं देशी बीजों के संरक्षण केंद्र का अवलोकन किया। यहां पशु सखी पुष्पा यादव ने डेयरी पशुपालन और वर्मीवाश के बारे में एफपीओ के किसानों को जानकारी दी। भ्रमण में सुरेन्द्र कुमार साहू, गोपी पटेल, प्रहलाद सिदार, लक्ष्मी राठिया, गनपति राठिया, गुड्डी राठिया, सुकमती राठिया, मालती राठिया, दुर्गेश राठिया, कृष्णा निषाद, संतु राम सिदार सहित अन्य किसान प्रमुख रूप से शामिल रहे।



भ्रमण पर पहुंचे किसानों को जानकारी देते दीनदयाल यादव।

### रावत नाच महोत्सव आज, मुख्य अतिथि होंगे शिक्षा मंत्री यादव

**पामगढ़।** यादव समाज पामगढ़ द्वारा आयोजित द्वितीय रावत नाच महोत्सव का आयोजन सोमवार 17 नवम्बर को शाम 3 बजे से डॉ. भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय मैदान पामगढ़ में किया जाएगा। आयोजन से संबंधित समस्त व्यवस्थाएं समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं तथा विभिन्न सांस्कृतिक दलों का आगमन निरंतर जारी है। महोत्सव में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके साथ ही सामाजिक प्रतिनिधि, पदाधिकारी, विभिन्न ग्रामों के रावत नाच दल, वरिष्ठजन एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। रावत नाच महोत्सव का उद्देश्य प्रदेश की पारंपरिक लोकसंस्कृति, सामाजिक विरासत और समुदाय की ऐतिहासिक परंपराओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करना है। महोत्सव में विभिन्न दलों द्वारा रावत नाच, लोकगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। न्यायपूर्ण मूल्यांकन हेतु अनुभवी निर्णायकों की टीम गठित की गई है। आयोजन की तैयारियों का निरीक्षण आयोजन समिति द्वारा किया गया। आयोजन समिति के देवेन्द्र यादव (अध्यक्ष), सन्नी यादव (कार्यकारी अध्यक्ष), विजय यादव (उपाध्यक्ष), लखेश्वर यादव (सचिव), यादव समाज पामगढ़ ने क्षेत्रवासियों, सामाजिक संगठनों एवं ग्रामीणजनों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण में योगदान दें।



---

## बच्चों को नशा से दूर रहने व गुड टच व बेड टच की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

वेल विशर फाउंडेशन द्वारा नगर पंचायत नरियरा के प्राथमिक शाला संयनगर में बाल दिवस पर बच्चो के लिए निःशुल्क आंख व दांत शिविर जांच शिविर लगाया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मुलमुला थाना प्रभारी पटेल उपस्थित थे साथ ही जे एस डब्लू प्लांट सी एस आर डिपार्टमेंट से सचिन दुबे, रोशन सिंह, अमित सिंह बैस व महाराणा शिक्षण समिति के अध्यक्ष देवभूषण सिंह, पूर्व शिक्षक एवं वार्ड पार्षद प्रतिनिधि हर प्रसाद यादव शमिल हुए। थाना प्रभारी पारस पटेल ने कहा कि आज बाल दिवस पर वेल विशर फाउंडेशन द्वारा बच्चो के लिए स्वास्थ्य सम्बंधित कार्यक्रम कराना सहरानीय है। उन्होंने बच्चों को नशा न करने के लिए प्रेरित किये, एवं गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी दी। जे एस डब्लू के सी एस आर प्रमुख सचिन दुबे ने बच्चो को मन लगा कर पढ़ाई करने की बात कही। वेल विशर के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने सभी अतिथियों के बीच शाला के विकास पर अपनी बात रखते हुए निवेदन किया कि स्कूल में जो भी समस्या है उसके निवारण का प्रयास सब मिल जुल कर करे। वार्ड पार्षद हरप्रसाद यादव ने 14 नवम्बर को क्यो मनाया जाता है इस विषय पर प्रकाश डाला। दन्त विशेषज्ञ निधि श्रीवास्तव व नेत्र विशेषज्ञ आर के यादव ने बच्चो की जांच कर उचित सलाह दी। वेल विशर के सदस्य प्रशांत कोटनगले ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव चिराग शर्मा ने किया। कार्यक्रम में वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह सचिव चिराग शर्मा सदस्य प्रशांत कोटनगले व स्कूल के शिक्षक दीपक यादव उपस्थित थे।




## प्राकृतिक झरने एवं वनस्पतियों की विद्यार्थियों ने ली जानकारी

- शैक्षिणिक भ्रमण पहुंचे आई सेक्ट कम्पयूटर छात्राएं अटल रॉक गाडन बोत्लदा

**सक्ती।** आई सेक्ट कम्पयूटर सेन्टर सक्ती के डीसीए,पीजीडीसीए के छात्रा एवं छात्राएं शैक्षिणिक भ्रमण करने अटल रॉक गार्डन वोत्लदा पहुंचे। छात्रों द्वारा स्वयं अपने हाथों से अनेक प्रकार के व्यंजन बनाए जिसका लुफ्त उठाया एवं रा अटल रॉक गार्डन मे प्राकृतिक झरने एवं वनस्पतियों की जानकारी ली। छात्रों ने कहा या आकर हमें एक अलग ही अनुभूति प्राप्त हो रही है। शांत वातावरण चारों ओर से पर्वतों से गिरा हुआ झरना जो प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं का मनोबल ऊंचा होता है। साथ में संस्था प्रमुख रामनरेश यादव ,सीमा देवांगन, उषा पटेल ,वरुण यादव, सुशील पटेल अनेकों छात्राएं भ्रमण पर पर पहुंचे थे।



---

अयोध्या से शिवरीनारायण पहुंचे अनंत श्री विभूषित आचार्य

## श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के लिए निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण मठ में आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ को लेकर रविवार 16 नवंबर को भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में नगर की महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। व्यास पीठ पर विराजित होने के लिए अनंत श्री विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य, वेदांताचार्य जी महाराज (श्रीधाम अयोध्या) का आगमन हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव के परिपेक्ष में 17 नवंबर से 25 नवंबर तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन शिवरीनारायण मठ में किया गया है। इसमें व्यास पीठ पर विराजित होने के लिए श्रीधाम अयोध्या से चलकर अनंत श्री विभूषित स्वामी मधुसूदनाचार्य, वेदांताचार्य महाराज का आगमन हुआ है। रविवार 16 नवंबर की शाम शिवरीनारायण मठ से भव्य शोभायात्रा मध्य नगरी चौक, बाम्बे मार्केट, केरा चौक, सब्जी हटरी होते हुए मठ मंदिर तक निकाली गई। इसमें नगर की माताओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को गौरव प्रदान किया। इसमें आचार्य के साथ विशेष रूप से महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज, रामेश्वर दास त्यागी, मुख्तियार सुखराम दास (सपत्नीक) एवं नगर के विशिष्ट नागरिक गण सम्मिलित हुए। कथा का शुभारंभ 17 नवंबर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा अपराह्न 3 से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। श्रोताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील आयोजन समिति के द्वारा की गई है, उनके लिए निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था परंपरागत रूप से की गई है।



श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के लिए कलश यात्रा निकालती महिलाएं एवं रथ पर विराजमान महामंडलेश्वर राजेश्री महंत एवं आचार्य।

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354 411411